तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

12 ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम ...

12 थाना का शैक्षणिक अवलोकन कर छात्रों ने ...




# राशन दुकानों में चावल लेने लग रही हितग्राहियों की भीड़

## एक हितग्राही को चावल लेने छः बार लगाना पड़ रहा अंगूठा, अब 15 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासन द्वारा हितग्राहियों को तीन महीने का चावल एकमुस्त दिया जा रहा है, जिसके विरतण और आन लाईन प्रोसेस में समय लगने के कारण राशन दुकान में भीड़ व लाईन लगानी पड़ रही है। अप्रैल माह की तेज गर्मी में चावल लेने और अपनी बारी आने के इंतजार में लाइन लगानी पड़ रही है। भाटापारा ब्लाक में शहर की 17 एवं ग्रामीण क्षेत्र की 92 दुकानें है, जहां शासन के निर्देशानुसार 30 अप्रैल तक हितग्राहियों को तीन माह का चावल वितरण करना है। वहीं अभी की स्थिति में हो ये रहा है कि एक हितग्राही को चावल लेने के लिए छः बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है, जिसके कारण चावल वितरण में दुकानदारों को समय लग रहा है। वहीं तपती गर्मी मे अपने बारी आने के इंतजार में लोग हलाकान हो रहे हैं। कई राशन दुकानों की स्थिति ये हैं दुकान खुलने के कई घंटे पहले राशन दुकान पहुंच रहे हैं। लोग जल्दी मिलने की होड में आपस में ही कई बार विवाद की स्थिति भी देखने को मिल रही है। शहर की 17 राशन दुकान में से एक दुकान ऐसी भी हैं जहां चार वार्ड के 2200 हितग्राही है। इस कारण दुकान में चावल लेने लोगों की होड़ लगी है, कि कितना जल्दी उन्हें उनका राशन मिल जाये और अपनी बारी आने के इंतजार में घंटों लाइन में खड़े हो रहे हैं। दुकान के सेल्समेन के अनुसार सुबह से लेकर देर शाम तक चावल का वितरण कतारबद्ध कर किया जा रहा है।

### 50 से 60 कार्ड को ही वितरण

अभी तक उक्त दुकान से लगभग 600-700 लोगों को राशन वितरण किया जा चुका है। आज 15 अप्रैल तक लगभग 30 प्रतिशत वितरण किया जा चुका है, आने वाले दिनों में वितरण व्यवस्था को तेज भी किये जाने की बात कही, किन्तु कार्ड संख्या अधिक होने के के 50 से 60 कार्ड को ही वितरण हो पा रहा है। उक्त दुकान का विभाजन कर दो वार्डों के लिए अलग से दुकान खोले जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है, जिससे उस दुकान मे कार्डों का भार कम हो जाये और हितग्राहियों को आसानी और सहजता से राशन मिल सके।



### हितग्राही संयंम और धैर्य रखे

इस संबंध में खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप का कहना है कि हितग्राही संयंम और धैर्य रखे, उन्हें समय सीमा पर राशन अवश्य मिलेगा। दुकानों में अनावश्यक भीड़ न बढावें। अभी 15 दिन व्यतीत हुए है। 15 दिन अभी शेष है। सभी हितग्राहियों को उनका राशन अवश्य मिलेगा, इसके लिए उनके द्वारा सतत निगरानी और दुकानों से फीटबैक लिए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप


### बड़ा तापमान, वीरान हो रही शहर और अंचल की सड़कें



**भाटापारा।** अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में इन दिनों तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। बीते दो दिनों की दिनचर्या से शहर का तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। तेज गर्मी के चलते शहर की प्रमुख सड़कें लगभग वीरान हो जाती है और आवाजाही कम दिखाई पड़ती है, वहीं तेज गर्मी व सूरज की तेज तपन का असर यह होता है कि लोगों के रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। मौसम विभाग का जैसा अनुमान बताया जा रहा है, उसके अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और तेज होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। अनुमान के अनुसार अप्रैल माह में आम जनमानस को 45 डिग्री तापमान का सामना भी सहन करना पड़ सकता है। वहीं तेज गर्मी के चलते दोपहर के समय रोजमर्रा के काम थम से जाते हैं। वहीं शाम होते चहल पहल और सड़कों में भीड़ बढ़ जाती है।

### किसान के खेत से सोलर पैनल का केबल पार, अंचल के किसानों की बढ़ी चिंता

**गोपालपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही सोलर पंप योजना अब चोरों के निशाने पर है।



सरसीवां थाना क्षेत्र के ग्राम गगोरी में एक किसान के खेत में लगे सोलर पैनल से अज्ञात चोरों ने कीमती केबल वायर पार कर दिया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र के किसानों में अपने उपकरणों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गगोरी निवासी किसान रेवती कुमार पिता झुमन लाल पटेल के भाठा खेत में सिंचाई के लिए सोलर पैनल लगाया गया था। अज्ञात चोरों ने पैनल को नुकसान पहुंचाते हुए उसके मुख्य केबल वायर को काट लिया और चोरी कर ले गए। किसान को जब चोरी की जानकारी हुई, तो उन्होंने तत्काल इसकी लिखित सूचना सरसीवां पुलिस थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में चोरी की पुष्टि हुई है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक अज्ञात चोर पुलिस की पकड़ से बाहर है।

### 14.4 लीटर शराब और बाइक जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 14.4 लीटर देशी मदिरा व एक मोटर सायकिल जब्त की है। टीम द्वारा आरोपी टामन ध्रुव पिता शत्रुहन 26 वर्ष ग्राम लहुआ घटना स्थल सुढेला पुल बलौदाबाजार के कब्जे से देशी मदिरा मसाला एवं एक मोटर सायकिल हीरो होंडा क्रमांक सीजी 04 डीजेड 5642 जब्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 8000 रुपए एवं दो पहिया वाहन का बाजार मूल्य 40,00 रुपये होना पाया गया। आरोपी टामन ध्रुव पिता शत्रुहन के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59 (क) का प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी कुर्रे, दुर्गा ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मुख्यमंत्री ने जिले के 39 नवीन बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का किया वर्चुअल शुभारंभ

# किसानों को आसानी से मिलेगी खाद बीज़ एवं अल्पकालीन ऋण सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों को धरातल पर उतारने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जिले के 39 नवीन प्राथमिक कृषि साख समितियों सहित पूरे प्रदेश में कुल 515 सहकारी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रदेश के सभी नई सहकारी समितियों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इन नई समितियों के गठन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों की पहुंच सीधे सरकारी सुविधाओं तक सुगम हो जाएगी।

इन समितियों के माध्यम से अब किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि यंत्र और ऋण जैसी बुनियादी कृषि सुविधाएं एक ही छत के नीचे आसानी से प्राप्त हो सकेंगी। अब किसान अपनी उपज, जैसे धान, चना, सोयाबीन, सरसों और मसूर को पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक तरीके से बेच सकेंगे।






सरकार का यह कदम न केवल बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करेगा, बल्कि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने में भी मील का पत्थर साबित होगा।

विशेष बात यह है कि इन समितियों को अब 'बहुद्देशीय' स्वरूप दिया गया है, जिससे यह केवल किसानों तक सीमित न रहकर आम नागरिकों के लिए भी लोक सेवा केंद्रों के रूप में कार्य करेंगी। ग्रामीण अब इन केंद्रों पर बिजली बिल का भुगतान, टिकट बुकिंग, मोबाइल रिचार्ज, ऑनलाइन आवेदन और बी-1, खसरा-नक्शा निकालने जैसे आवश्यक कार्य सरलता से पूर्ण कर सकेंगे। इस पहल से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए शहरों की ओर नहीं भटकना पड़ेगा। जिले में पहले 129 समिति थीं, 39 नये समिति बनने से अब कुल 168 सहकारी समितियां कार्यरत होंगी।

# मवेशियों की तस्करी करते 5 आरोपी गिरफ्तार, भेजे जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

क्षेत्र में अवैध गौवंश परिवहन के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिवकुमार धारी के नेतृत्व में पुलिस ने 37 नग बैलों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी उप निरी. शिवकुमार धारी की नेतृत्व में 13 अप्रैल को प्रार्थी प्रियव्रत स्वार्णकार पिता पुरूषोत्ताम लाल स्वर्णकार 29 वर्ष निवासी रायगढ रोड वार्ड नं. 3 सारंगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 13 अप्रैल को बिलाईगढ़ से अपना घर सारंगढ़ जा रहा था। भटगांव थाना के जमगहन के पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा था कि चुरेला तरफ से बहुत सारा मवेशी/बैल को भटगांव की ओर ले जा रहे हैं, जो संभवताः बुचड़खाना के लिए लेकर जाना प्रतीत होने पर मवेशी को मेन रोड जमगहन में कुछ लोग कृषि योग्य बैलों को पैदल हांकते हुए ले जा रहे थे। उन लोगों से पूछा तो अपना अपना नाम डुमलाल साहू पिता नेहरूलाल निवासी सोनियाडीह भटगांव, फुलेश्वर बंजारे पिता रामलाल बंजारे निवासी गगोरीटांडा सरसीवां, सीताराम पटेल पिता रामलाल पटेल पता बेलादुला सरसीवां,. नीलमणी साहू पिता मुकुतराम साहू निवासी कैथा बिलाईगढ़, परदेशी यादव गिरसा का बताया। पूछताछ में बिलासपुर जिले के जोंधरा बाजार से खरीद कर लाना और गिरसा बाजार बेचने ले जाना बताए। खरीद बिक्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। गिरसा बाजार में दूसरे राज्य के मवेशी को कत्ल करने बुचड़ खाना ले जाते हैं। उपरोक्त लोगों द्वारा भी ▶▶ शेष पेज 10 पर

# कृषकों को मिला संतुलित उर्वरक और जल संचयन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक के मार्गदर्शन में विकासखंड भाटापारा में कृषकों के लिए संतुलित उर्वरक एवं जल संचयन से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषकों को संतुलित उर्वरक प्रयोग कर कल्चर, बायोफर्टिलाइजर के उपयोग एवं जल संचयन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

- विकासखंड भाटापारा में किसानों के लिए संतुलित उर्वरक और जल संचयन से संबंधित दी गई जानकारी





वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय ने बताया कि संतुलित उर्वरक उपयोग से जहां उत्पादन में वृद्धि होती है, वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। शासन के निर्देशानुसार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से जैव उर्वरक एवं हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि मिट्टी की उर्वरता क्षमता बढ़े और किसानों की लागत में कमी आए। नील हरित काई धान फसल हेतु नाइट्रोजन का उत्तम स्त्रोत है, जो 25-30 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर नाइट्रोजन की पूर्ति करता है। यह हवा से नाइट्रोजन का स्थिरीकरण कर मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ाती है, जिससे रासायनिक यूरिया की बचत होती है और उपज में 5-10 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना रहती है। इसके उपयोग से मृदा में कार्बनिक पदार्थों तथा अन्य पौध वृद्धि वर्धक रसायनों जैसे ऑक्सिन, जिबरेलिन, फाइटोहॉर्मोन, इण्डोल एसिटिक एसिड आदि की मात्रा में वृद्धि होती ▶▶ शेष पेज 10 पर

# दलहन-तिलहन फसलों के उपार्जन के लिए पंजीयन 20 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम -आशा) के अन्तर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है। कृषक अपनी संबंधित सहकारी समिति में 20 अप्रैल तक पंजीयन करा सकते हैं। गिरदावरी के लिए अपने क्षेत्र के पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से फसल रकबा सत्यापन प्रमाण पत्र प्राप्त कर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

पीएम-आशा के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत जिले में 5 उपार्जन केंद्रों प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बलौदाबाजार, अमेरा, धुर्राबांधा, कसडोल एवं सिमगा का नाम शासन द्वारा अधिसूचित किया गया है। जिले में अब तक 1028 कृषकों द्वारा कुल 1146.98 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन चना, मसूर एवं सरसो विक्रय हेतु किया गया है। योजनांतर्गत उपार्जन केन्द्र बलौदाबाजार, अमेरा एवं धुर्राबांधा समिति में खरीदी शुरू हो गई है। जिसमें 47 कृषकों द्वारा 339.50 क्विंटल फसलों का उपार्जन किया गया है। प्रधानमंत्री-अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) अंतर्गत प्राईस ▶▶ शेष पेज 10 पर

### तस्करी सुबह 4 से 8 बजे तक और शाम 6 बजे के बाद

# महानदी किनारे तिल्दा में रेत का अवैध काला कारोबार, शासन को लग रहा लाखों का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

तहसील मुख्यालय से महज 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत तिल्दा इन दिनों रेत तस्करों का सुरक्षित अड्डा बन गया है। चित्रोत्पला महानदी के किनारे बसे इस गांव में महानदी के पाल कछार से रोजाना ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। रेत तस्करी के इस गोरखधंधे ने न केवल शासन के राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया है, बल्कि गांव की शांति और सड़कों को भी बदहाल कर दिया है।

हैरानी की बात यह है कि रेत तस्करी में शामिल मुख्य आरोपी नवंबर 2025 में इसी अपराध में जेल जा चुके हैं। वर्तमान में इनका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद आरोपी न्यायालय द्वारा दी गई जमानत की शर्तों का उल्लंघन करते हुए पुनः अवैध उत्खनन में लिप्त हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ये कुख्यात तस्कर कानून का भय भूल चुके हैं। रेत तस्करों ने अपनी सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। तस्करी का खेल सुबह 4 से 8 बजे तक और शाम 6 बजे के बाद अंधेरे में खेला ▶▶ शेष पेज 10 पर

### बड़ी कार्रवाई करेंगे

टास्क फोर्स टीम को अन्य विभाग का सहयोग नहीं मिलता, खनिज विभाग अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते आ रहा हैं और करते रहेगा, जल्द योजना बनाकर बड़ी कार्रवाई करेंगे।

**अवधेश बारीक**, जिला खनिज अधिकारी, बलौदाबाजार



### टास्क फोर्स की विफलता और आरटीओ पर सवाल

जिला कलेक्टर द्वारा गठित विशेष टास्क फोर्स, जिसमें खनिज, राजस्व, यातायात और पुलिस विभाग शामिल हैं, इस तस्करी को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। कृषि कार्य के लिए शो-रूम से खरीदे गए ट्रैक्टरों का अंधाधुंध उपयोग कमर्शियल (रेत, गिट्टी, मुरूम) कार्यों में हो रहा है। बड़ा सवाल यह है कि क्या आरटीओ विभाग को इन ट्रैक्टरों का व्यावसायिक उपयोग नजर नहीं आता? क्या इन जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी के पीछे कोई 'मासिक लिफाफा' खेल रहा है?

# सीबीएसई 10वीं में जिले की तीन बेटियों ने लहराया परचम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस वर्ष जिले में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है।

भाटापारा स्थित गुरुकुल स्कूल की छात्रा अपर्णा मिश्रा, पिता दिवाकर मिश्रा ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे भाटापारा का नाम रोशन किया है। अपर्णा ने गणित और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय में 100 में से 99 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद की छात्रा रोहानी साहू, पिता- राजेश कुमार साहू ने 94.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रोहानी ने सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में से 99 अंक प्राप्त कर शाला परिवार सहित बलौदाबाजार जिले का गौरव बढ़ाया है। इसके साथ ही अहिल्या इंटरनेशनल स्कूल लाहोद की ही ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### पॉवर प्लांट में हादसा प्रबंधन व राज्य सरकार की लापरवाही : सिद्दीक़

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक़ ने वेदांता पॉवर प्लांट में हुए भीषण हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे प्रबंधन की खुली लापरवाही करार दिया है। जारी बयान में उन्होंने कहा कि इस दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को स्तब्ध कर दिया है। यह हादसा फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी और मुनाफे की अंधी दौड़ का नतीजा है। बार-बार हो रहे ऐसे हादसों से स्पष्ट है कि सरकार और श्रम विभाग केवल मूकदर्शक बने हुए हैं। प्लांट में न तो पर्याप्त सुरक्षा ऑडिट कराया जाता है और न ही बिना ट्रेनिंग वाले मजदूरों की भर्ती पर कोई रोक है। शासन-प्रशासन की चुप्पी यह संकेत देती है कि उन्हें मजदूरों के पसीने और खून से कोई सरोकार नहीं है।



### आंध्रप्रदेश प्रदेश के राजमेंड्री आईसीएआई शाखा अध्यक्ष से की मुलाकात



रायपुर। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रायपुर शाखा के पूर्व अध्यक्ष, केंद्रीय समिति के सदस्य सीए रवि ग्वालानी ने आंध्रप्रदेश में मंगलवार को आईसीएआई की राजमहेंद्रवरम (राजमुंद्री) शाखा के अध्यक्ष सीए नरसिम्हा राव से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ से सटे हुए आंध्रप्रदेश के मध्य व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करने तथा नए अवसरों के सृजन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी विशेष जोर दिया गया। यह विचार व्यक्त किया गया कि उभरते हुए राज्यों जैसे आंध्रप्रदेश और छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, निवेश संवर्धन, वित्तीय पारदर्शिता एवं सुशासन सुनिश्चित करने में सीए पेशे की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मुलाकात ज्ञान-विनिमय, पेशेवर सहयोग और आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी कदम सिद्ध होगी।

### आज्ञाकारिता से ऊपर है न्याय सत्ता जो कहे वही सत्य : राय



रायपुर। जनसंस्कृति मंच छत्तीसगढ़ द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में मंगलवार को पहले राज्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यकार, संस्कृतिकर्मी, पत्रकार और बुद्धिजीवी शामिल हुए। सम्मेलन में पंकज दीक्षित, दुर्गेश भार्गव और चित्रकार सर्वज्ञ नायर द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण कविता पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर विभिन्न समयांतरालों में हरगोविंद पुरी, भानुप्रकाश रघुवंशी, जसपाल बांगा, महेश कुशवाहा, श्याम सुंदर मुद्गल, नीलम सिंह यादव, समीक्षा नायर, सुनीता शुक्ला और वर्षा बोपचे ने संगीतमय जनगीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रखर वक्ता मार्क्सवादी चिंतक रामजी राय ने कहा कि न्याय आज्ञाकारिता से ऊपर है।

### समस्याओं को लेकर सीएमएमएचओ से मिले

रायपुर। आयुष सोसायटी ऑफ क्लीनिकल आयुर्वेद रायपुर के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह भुवाल, सचिव डॉ. सुनील गोल्हानी तथा डॉ. राकेश सिंह बघेल ने अपनी समस्याओं के निराकरण के संबंध में सीएमएचओ से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि राज्य उपचर्यागृह एवं रोगोपचार अधिनियम 2010 नियम 2013 के अंतर्गत क्लीनिक के पंजीयन एवं अनुज्ञा के लिए आवेदन किया था। कुछ लोगों के आवेदन को स्वीकृत हुए, मगर कई के आवेदनों का निराकरण विभिन्न कारणों से नहीं हुआ। इसकी वजह से उन्हें जुर्माना भी देना पड़ा। उन्होंने बताया कि कई चिकित्सकों की क्लीनिक नजूल की भूमि पर निर्मित किराए के भवन मे विगत 30-35 वर्षों से संचालित है।

### पुलिसिंग को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने दिए निर्देश

# पुलिस अधीक्षक ने ली समीक्षा बैठक, अवैध नशे और गुंडागर्दी पर जीरो टॉलरेंस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बुधवार को पुलिस कार्यालय के सभा कक्ष में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों सहित सभी थाना और चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चौक-चौराहों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और गुंडागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही अवैध शराब बिक्री, जुआ, सट्टा, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाने को कहा गया है।

बैठक के दौरान एसपी ने अपराधों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया, जिसमें समयबद्ध प्रकरणों में 60 से 90 दिनों के भीतर न्यायालय में अभियोग पत्र (चार्जशीट) प्रस्तुत करने को कहा गया। लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान और शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिसिंग को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने हेतु कई निर्देश दिए। उन्होंने सीसीटीएनएस के माध्यम से एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ऑनलाइन भेजने तथा ई-समंस पोर्टल और साइबर क्राइम पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। तकनीकी कार्यों के लिए जिले में मल्टीपल स्टाफ तैयार करने को कहा गया ताकि कार्यभार संतुलित रहे। जिले में 'विजिबल पुलिसिंग' बढ़ाने के लिए रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग, कॉम्बिंग ऑपरेशन और सरप्राइज चेकिंग के माध्यम से वाहनों की सघन जांच के निर्देश दिए गए।

श्रीमती भावना गुप्ता ने आम नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता बरतने और निष्पक्ष पुलिसिंग को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने बीट प्रभारियों को ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करने और साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# क्षेत्र में 45 दिन की रिफिलिंग अवधि के बावजूद गैस संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा



आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आरंग, मंदिर हसौद, चंदखुरी, नया रायपुर, समोदा, भानसोज, भैंसा एवं खरोरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित गैस वितरण केंद्रों पर आम जनता गंभीर संकट का सामना कर रही है। उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, फिर भी समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

स्थिति को लेकर यह सवाल उठ रहा है कि क्या एजेंसियों द्वारा जानबूझकर कृत्रिम कमी और पैनिक की स्थिति पैदा की जा रही है, या फिर शासन स्तर से पर्याप्त आपूर्ति ही सुनिश्चित नहीं की जा रही है। इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी के नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद जांगड़े ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों की रिफिलिंग अवधि निर्धारित होने के बावजूद भी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जबकि जिम्मेदार विभाग एवं प्रशासनिक तंत्र निष्क्रिय बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि जनता रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही है गांवों में लोग पुनः लकड़ी और पारंपरिक ईंधन पर निर्भर होने को मजबूर हैं, महिलाएं धुएं में खाना पकाने को विवश हैं, जबकि प्रशासनिक स्तर पर स्थिति को सामान्य बताने का प्रयास किया जा रहा है। जांगड़े ने तीखे शब्दों में कहा 45 दिन से गैस गायब है, लेकिन सरकार और प्रशासन दोनों ही लापता हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी केवल औपचारिकता निभा रहे हैं। यह व्यवस्था नहीं, बल्कि जवाबदेही से भागती हुई प्रशासनिक विफलता का स्पष्ट उदाहरण है।

# कृषि साख सहकारी समिति मल्दा का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



नवगठित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मल्दा का उद्धघाटन सीएम विष्णु देव साय के द्वारा वर्चुअल किया गया है। इस दौरान क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का गुलदस्ता एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेलाराम साहू भाजपा जिला मंत्री एवं जनपद सदस्य अध्यक्षता अंजीव जायसवाल, सभापति जनपद पंचायत कसडोल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष कटगी। प्राधिकृत अधिकारी बंशीलाल डडसेना, ग्राम पंचायत मल्दा के सरपंच गायत्री बाई साहू, सरपंच प्रतिनिधि बुद्धेश्वर साहू, सरपंच दिव्य कुमार कैवर्त्य, मधुकर कश्यप, प्रबंधक छेछर संतोष प्रसाद कश्यप, मल्दा प्रबंधक पूर्व समिति अध्यक्ष खूबलाल साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष आशाराम डडसेना किसानों में उतरा कुमार साहू, नंद कुमार वर्मा, राधेश्याम साहू, हरिशंकर वर्मा, महेश राम, कौशिक रामगिलास, कैवर्त्य, रामजस प्रजापति, जगन्नाथ साहू, करण सिंह पैंकरा, तुलसी कश्यप, शंकर कश्यप, सावित्री साहू, रामकुमार पैंकरा, कांशीराम पैंकरा, निर्मल कुमार वर्मा एवं समस्त जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या किसान उपस्थित हुए थे। जिसमें शाखा प्रबंधक प्राधिकृत अधिकारी समिति प्रबंधक एवं समस्त कर्मचारीगण प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छेछर शाखा कसडोल हैं।

## पनगांव में नवीन सोसायटी का शुभारंभ



*पनगांव। बलौदाबाजार जिला समीप ग्राम पंचायत पनगांव में सहकारी सोसाइटी का शुभारंभ वर्चुअल किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपंद पंचायत बलौदाबाजार अध्यक्ष सुलोचना यादव, जनपद उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, छाया विधायक धनीराम धीवर, राधे श्याम पटेल, सरपंच प्रतिनिधि रामलाल कुर्रे, प्रेम राव मराठा, कन्हैया जायसवाल, चंद्रिका बंजारे, सोसायटी प्रबंधक विरेन्द्र साहू, प्राधिकृत अधिकारी खिलेन्दर नायक, धावलकर सर ब्रांच मैनेजर द्वारा कार्यक्रम की शुभारंभ पर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर फीता काट कर वर्चुअल उदघाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। उदघाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं पंच लोगों की उपस्थिति थी।*



## अछोली में खुली सहकारी समिति

पलारी। भाजपा मंडल पलारी के अछोली शाख समिति का उद्घाटन किया गया, जिसमें ब्रांच मैनेजर ने बताया कि पहले अछोली कोसमंदी सहकारी समिति में आता था, अब अलग हो कर स्वतंत्र समिति बन चुका हैं। मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि नये समिति बनाने से अछोली और गातापार के किसानों को फायदा हो, समय के साथ आने जाने की लागत राशि की भी बचत होगी, जिनसे किसान का बचत पैसा जो अन्य कार्यों में काम आयेगा जो बचत की राशि है वह अन्य खर्च पर लगेगा। जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में साय कि सरकार लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए किसानों की सुविधा को ध्यान में रख नये समिति का निर्माण किया है। कार्यक्रम प्रभारी विपिन बिहारी वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव की सरकार व भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा सेवक वर्मा, प्राधिकृत अधिकारी कोसमंदी सुरेंद्र वर्मा, अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा हेमू जलहरे, सरपंच अछोली प्रियंका राजेश जलहरे, वरिष्ठ नेता घासुराम यादव, हेमलाल वर्मा, देवप्रसाद साहू, मेघनाथ वर्मा सहित कर्मचारी एवं किसान बंधु उपस्थित थे।

# वेदांता हादसा, तत्काल हो सुरक्षा ऑडिट और गिरफ्तारी, पीड़ितों को मिले न्याय : डॉ. डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भैंसा



■ मृतकों के परिजनों को उच्च स्तरीय मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में स्थित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर हुए भीषण बॉयलर ब्लास्ट ने पूरे प्रदेश को दहला दिया है। इस दुखद हादसे को लेकर पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए विष्णुदेव साय सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को महज एक दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए इसे सीधे तौर पर शासन की विफलता और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम करार दिया है। डॉ. डहरिया ने आरोप लगाया कि सरकार उद्योगों में सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने में पूरी तरह नाकाम रही है, जिसके कारण निर्दोष मजदूरों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। डॉ. डहरिया ने प्रशासनिक तंत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा ऑडिट और निरीक्षण की प्रक्रिया अपनाई गई होती, तो इतनी बड़ी जनहानि को रोका जा सकता था। उन्होंने इसे प्रशासनिक लापरवाही का चरम बताते हुए मांग की है कि मृतकों के परिजनों को उच्च स्तरीय मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए। साथ ही, उन्होंने घायलों के लिए देश के सर्वोत्तम अस्पतालों में निःशुल्क और उच्च स्तरीय इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।पूर्व मंत्री ने स्पष्ट लहजे में कहा कि केवल मुआवजे की घोषणा कर देने से सरकार की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती। इस हादसे के लिए जिम्मेदार प्लांट प्रबंधन, संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ ऐसी सख्त और उदाहरणात्मक कार्रवाई होनी चाहिए जो भविष्य के लिए मिसाल बने। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषियों को संरक्षण देने या बचाने की कोशिश की गई, तो कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी और जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।अंत में, डॉ. डहरिया ने राज्य सरकार से मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रदेश की सभी औद्योगिक इकाइयों की व्यापक सुरक्षा जांच कराई जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि मजदूरों की जान की कीमत पर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों को सलाखों के पीछे पहुँचाना ही न्याय की पहली शर्त होगी।

## डीएड अभ्यर्थियों की संविधान रैली को पुलिस ने धरना स्थल गेट के पास रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के डीएड अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर मंगलवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव करने संविधान रैली निकाली। पुलिस प्रशासन ने धरना स्थल के गेट पर बेरिडिंग कर अभ्यर्थियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे अभ्यर्थियों में नाराजगी देखी गई, उनका कहना है कि उन्हें अपनी बात रखने का मौका भी नहीं दिया गया।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अवसर पर संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए डीएड अभ्यर्थियों ने हाथों में संविधान की प्रति लेकर शिक्षा मंत्री के बंगले का घेराव करने रैली निकाली।

### वीआईपी रोड स्थित क्लब और फॉर्महाउस का मामला, थाने पहुंचे यूथ कांग्रेसी

# फॉर्महाउस में आधी रात अवैध पार्टी वीडियो वायरल, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी रोड स्थित क्लब और फॉर्म हाउस में चल रही अवैध पार्टियों के वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद यूथ कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। तेलीबांधा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए यूथ कांग्रेस ने मांग की है, वायरल वीडियो को संज्ञान लेते हुए उसमें शामिल सभी व्यक्तियों की पहचान सार्वजनिक की जाए तथा संबंधित आयोजकों एवं मालिकों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। वायरल वीडियो में युवक-युवतियां हुक्का और शराब का सेवन करते हुए नजर आ रहे हैं। ये क्लब और फॉर्महाउस निर्धारित समय सीमा के बाद भी खुले रहते हैं। यूथ कांग्रेस सदस्यों ने आरोप लगाया है कि इन अवैध पार्टियों की जानकारी होने के बाद भी रसूखदारों के कारण इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इन्हें विशेष संरक्षण प्राप्त होने के कारण युवा वर्ग नशे में डूबता जा रहा है।

#### कमिशनरेट प्रणाली पर सवाल

*जिस तरह की अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं, उससे कमिशनरेट प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।*
*- भावेश शुक्ला, प्रदेश महासचिव, यूथ कांग्रेस*



#### दोहरी नीति चिंताजनक

यूथ कांग्रेस ने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस प्रकार की गतिविधियां प्रशासन की जानकारी के बावजूद खुलेआम संचालित हो रही हैं। इससे आम जनता में यह संदेश जा रहा है कि कानून केवल आम लोगों के लिए है, प्रभावशाली लोगों को संरक्षण प्राप्त है। रायपुर में कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद भी तेलीबांधा क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है। दूसरी ओर गरीब या सामान्य वर्ग के लोग यदि छोटी-सी गतिविधि भी करते हैं तो उन पर तत्काल कार्यवाही कर दी जाती है। यह दोहरी नीति बेहद चिंताजनक है। एक प्रतिष्ठित एनजीओ की आड़ में इन अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक वातावरण एवं कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विरोध दर्ज कराए जाने के दौरान प्रदेश शुभम, लक्षित, मृगेंद्र, तारिक अनवर ख़ान, अतीक मेमन, मो.हसान, आशीष बाजपेयी, खुशराज ढिल्लन, जिशान मो, अनिकेत महतो, साहिल, कृष्णा, चंदन आदि शामिल रहे।

# निशुल्क डायलिसिस योजना से कम हुआ आर्थिक बोझ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला अस्पताल में लगी डायलिसिस मशीन किडनी पीड़ित मरीजों के आर्थिक बोझ को कम करने का कारण बनी है। निजी अस्पताल में डायलिसिस के लिए 30 से 35 हजार रुपए खर्च करने पड़ते थे, मगर जिला अस्पताल में यह सुविधा निशुल्क मिल रही है। पंडरी जिला अस्पताल में लगी 11 मशीनों के जरिए हर माह औसतन 80 मरीजों को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम में केवल आधार कार्ड दिखाकर किडनी के प्रभावित मरीज डायलिसिस का लाभ ले सकते हैं। रायपुर समेत प्रदेश के तमाम जिला अस्पतालों में यह सुविधा प्रदान की जा रही है। जिला अस्पताल पंडरी में लगाई गई 11 मशीनों के माध्यम से 80 मरीजों को सेशन का लाभ मिल रहा है। निजी अस्पतालों में डायलिसिस कराने के लिए प्रति सेशन दस से 12 हजार रुपए खर्च करना पड़ता है। सरकारी अस्पताल (डीकेएस) में यह सुविधा आयुष्मान कार्ड के मदद से मिल पाती है। अभनपुर में रहने वाली छात्रा को किडनी की बीमारी के बाद डायलिसिस की आवश्यकता पड़ गई। उसे निजी अस्पताल में हर हफ्ते 2-3 बार डायलिसिस कराने में करीब 35 हजार रुपये का खर्च आता था। लंबे समय तक यह राशि वहन करना उसके परिवार के लिए संभव नहीं था। सत्यावती जिला अस्पताल में निशुल्क डायलिसिस की जानकारी मिली, जिससे उसकी आर्थिक समस्या का समाधान हो गया। जिला अस्पताल में चल रही यह योजना कई मरीजों के लिए सहारा बन रही है, जो महंगे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं। डायलिसिस केंद्र की संचालिका ने बताया कि जिला अस्पताल के दूसरे फ्लोर पर स्थित इस केंद्र में डायलिसिस के लिए 11 मशीनें उपलब्ध हैं और दिन में 30 से अधिक सेशन डायलिसिस किया जा सकता है।

## पेज 9 के शेष

### मवेशियों की तस्करी...

परिवहन कर रहे मवेशी बैल (37नग ) जवान व अधेड़ उम्र के बैलों को कत्लखाना ले जाने परिवहन कर रहे हैं। आय दिन इस तरह गौवंश की हत्या करने के लिए परिवहन कर व्यापारियों द्वारा गौवंश की हत्या करने के लिए परिवहन कर व्यापारियों को बेचते हैं। उपरोक्त लोगों द्वारा 37 बैल को बुचड़खाना ले जाने परिवहन कर रहे हैं, कि रिपोर्ट पर अपराध धारा 4,6,10 छ.ग. कृषिक पशु परिरक्षण अधि. 2004 कायम की गई। विवेचना के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में उप जेल सारंगढ़ भेजा गया।

### कृषकों को मिला संतुलित...

है, जिससे मृदा की जल धारण क्षमता में सुधार होता है। धान की खेती में नील हरित काई का उपयोग ब्यासी एवं रोपा पद्धति दोनों में लाभदायक होता है। धान की ब्यासी स्थिति में चलाने के बाद अथवा रोपा वाले खेत में धान के पौधों को रोपने के 6 से 10 दिन के भीतर, नील हरित काई के 12-15 किलोग्राम सूखे चूर्ण को पूरे खेत में छिड़ककर उपयोग किया जाता है। उपयोग से पूर्व खेत में आवश्यकता से अधिक पानी निकालकर 8-10 सेमी पानी बनाए रखें तथा यह पानी कम से कम 15-20 दिनों तक स्थिर रखा जाए, जिससे काई का विकास एवं फैलाव सुचारू रूप से हो सके। कार्यक्रम में कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कृषकों को उन्नत खेती अपनाने एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी महेंद्र बंजारे, आत्मा स्टाफ से ज्योति वर्मा, मुकेश तिवारी एवं अंकिता अग्रवाल सहित ग्राम मोपकी एवं पौसरी के कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दलहन-तिलहन फसलों...

सपोर्ट स्कीम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलहन एवं तिलहन आत्मनिर्भरता मिशन की शुरुआत की गई है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने और दलहन एवं तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य है। योजना का प्रमुख उद्देश्य कृषकों से दलहनी तथा तिलहनी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी करना है।

### महानदी किनारे तिल्दा...

जाता है। लवन-कसडोल मुख्य मार्ग पर डोंगरा पहुंच मार्ग, डोंगरीडीह और महानदी ओवरब्रिज के नीचे तस्करों के गुर्गे तैनात रहते हैं। ये मोबाइल फोन के जरिए अधिकारियों के आने की पल-पल की लोकेशन तस्करों को देते हैं, जिससे विभाग की कार्रवाई विफल हो जाती है। ट्रैक्टरों को बिना लाइसेंस धारी चालकों द्वारा लवन और बलौदाबाजार के आसपास के गांवों में खपाया जा रहा है। गांव के ही कुछ मजदूरों का संगठन इन तस्करों के साथ मिलकर ऊंची कीमतों पर रेत लोडिंग का कार्य कर रहा है। इसके चलते गांव के उन मेहनतकश और ईमानदार मजदूरों की छवि भी खराब हो रही है, जो मेहनत की कमाई पर भरोसा करते हैं। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सरपंच और पंच भी इस अवैध कारोबार को मौन स्वीकृति दे रहे हैं।

### सीबीएसई 10वीं में...

छात्रा कृतिका वर्मा, पिता- कृष्ण कुमार वर्मा ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया है और विद्यालय का मान बढ़ाया है। परिणाम घोषित होने के बाद सभी छात्राओं के घरों में खुशी का माहौल है। परिजनों और शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जिले में बेटियों के इस शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

खबर संक्षेप

## भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव 19 को

**रायपुर।** भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था द्वारा 19 अप्रैल अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम की भव्य व विशाल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा परशुराम सेवा समिति गुढ़ियारी एवं समस्त विप्र समाज के सहयोग से निकाली जाएगी। साथ ही संस्था द्वारा श्यामनगर भवन समता कॉलोनी में 18 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा व प्रचार-प्रसार मंत्री रविकांत शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम की शोभायात्रा श्रीराम मंदिर, राठौर चौक से प्रारंभ होकर रामसागर पारा, बढ़ईपारा, ललता चौक, तात्यापारा, सत्ती बाजार चौक होते हुए अम्बा मंदिर सत्तीबाजार, कंकालीपारा, आनंद वाचनालय के बाजू गेट से प्रवेश कर अम्बा मंदिर भवन पहुंचेगी। इस शोभायात्रा में समाज के सभी पुरुष, महिलाएं, युवा व बच्चे शामिल होंगे। शोभायात्रा का स्वागत पुष्पवर्षा व पेय पदार्थ, फल फ्रूट से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश की राजनैतिक एवं सामाजिक विभूतियों को आमंत्रित किया गया है अम्बा मंदिर भवन में मंचीय व्यवस्था है। इसके बाद भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है।

## छत्तीसगढ़ में भी हाथियों से निपटने अब लगेंगे एआई बेस्ड कैमरे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बरसों बरस से जंगली हाथियों के हमले झेल रहे राज्य के लोगों को अब एआई के जरिए राहत मिलने की उम्मीद बंधी है। दरअसल तमिलनाडु और केरल की तरह यहां भी एआई आधारित कैमरे लगाने की तैयारी है। इन कैमरों की रेंज में जैसे ही हाथी आएंगे, उसका तेज आवाज का अलार्म बजना शुरू होगा और हाथियों को भागना पड़ेगा। यही नहीं, एक नए प्रयोग के तौर पर अब हैंगिंग फैंसिंग लगाने की तैयारी भी है, इससे फैंसिंग से टच होते ही हाथी को करंट का झटका लगेगा। यह उपाय भी हाथियों से लोगों की सुरक्षा करेगा। राज्य में पिछले कई बरसों से जंगली हाथियों की आमद और उनके हमले बढ़े हैं। वन विभाग के अनुमान के मुताबिक प्रभावित जिलों में करीब 400 हाथियों के दल यहां वहां भ्रमण कर रहे हैं। इन हाथियों के हमले से बड़ी संख्या में जनहानि, फसल हानि और लोगों के कच्चे घर नेस्तनाबूद हो चुके हैं। राज्य में सबसे अधिक हाथी प्रभावित वन मंडलों में रायगढ़, धरमजयगढ़, कोरबा, कटघोरा, सूरजपुर, जशपुर प्रभावित हैं। इनके साथ ही धमतरी और गरियाबंद क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड आ जाते हैं और खतरा पैदा करते हैं।

## बिजली कट के मामले में आयोग में सुनवाई आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी द्वारा हजार रुपए तक के बकाया पर ही बिजली कट करने के मामले में बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने आयोग के नोटिस के जवाब में अपना पक्ष तो रखा दिया है, पर कंपनी के पक्ष से आयोग संतुष्ट नहीं है। आयोग ने जहां अगले आदेश तक फिलहाल किसी भी उपभोक्ता की बिजली कट करने पर रोक लगा दी है, वहीं पॉवर कंपनी से लिखित में जवाब मांगा है कि किनका कनेक्शन किस प्रक्रिया के तहत कट किया गया है। आयोग ने जानना चाहा है कि क्या सिर्फ छोटे बकायादारों का ही कनेक्शन कट किया गया है या फिर बड़े बकायादारों के भी कनेक्शन काटे गए हैं। अब कंपनी अपना जबाव 16 अप्रैल को आयोग के सामने रखेगी। कंपनी के जवाब के हिसाब से ही आयोग में इस मामले में फैसला होगा। बिजली कनेक्शन कट करने के मामले में पॉवर कंपनी का तर्क है कि बिल भुगतान की अंतिम तिथि के 15 दिनों के बाद कनेक्शन कट करने का एक्ट में प्रावधान है।

### भारत का स्वतंत्रता संघर्ष का जो इतिहास है उसमें ऐसे अनेक महापुरुष हुए

# केक काटकर और कैंडल जलाकर मनाई गई डॉ. अम्बेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन



डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की 135 वीं जयंती गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षक योगेंद्र सोनवानी ने कहा कि आज हम डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब एक दलित शोषित वर्ग में जन्म लेकर उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने देश विदेश में शिक्षा प्राप्त कर 32 डिग्री हासिल की। साथ ही भाषाओं का उनका ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के महापुरुष जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों को न्योछावर कर जिन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित किया। उन महापुरुषों के कार्यक्रम हो या जयंती हो हम सभी वर्गों के लोग एक साथ मिलकर मनाना चाहिए।

कार्यक्रम में समाजसेवी अनिल केसरिया ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर आजीवन वंचितों, पीड़ितों, शोषितों और उपेक्षितों के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनैतिक सशक्तिकरण की प्रखर आवाज थे। पार्षद येशुदास निराला ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं और उनको नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संघर्ष का जो इतिहास है उसमें ऐसे अनेक महापुरुष हुए हैं जिन्होंने अपनी जान तक की कुर्बानी देकर इस स्वतंत्र भारत को खड़ा करने में अपना योगदान किया है। शिक्षक अमृत कुर्रे ने कहा कि भारतवर्ष 75 सालों में एक संगठित समाज के रूप में एक संगठित राष्ट्र के रूप में प्रगति पथ पर आगे बढ़ पा रहा है बहुत सारे समकालीन ऐसे देश हुए जिन्होंने स्वतंत्रता को प्राप्त किया लेकिन वह स्वतंत्रता को सहज कर नहीं रख पाए। भारत देश तमाम चुनौतियों के बीच में नागरिकों को मूल अधिकार प्रदत्त करते हुए उनको सुविधाओं के लिए भी चिंता करते हुए आगे बढ़ पा रहा है। इस जयंती समारोह में आए हुए। सभी आंबेडकरवादी महिला, पुरुषों, बच्चों को केक खिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### सर्वानी में मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती

*सेल। ग्राम पंचायत सर्वानी में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। इस दौरान गांव में रैली निकाली गई। कार्यक्रम में प्रतिमा मनोज महिपाल सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में बाबा साहब के विचारों को लोगों के बीच बताया गया। सरपंच प्रतिमा मनोज महिपाल, उपसरपंच देवकुमारी वर्मा, पंचगण भुनेश्वर कोसले, महेश्वरी बघेल, उतरा, सरिता घृतलहरे, संतोष साहू, गणमान्य नागरिक व मार्कण्डेय सर, विद्यासागर, बुधराम, पुनीदास, योगेश, दीपांशु, रवि, अनिल उपस्थित थे।*



## हथबंद में मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती



**हथबंद।** ग्राम पंचायत हथबंद में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा बलौदाबाजार भाटापारा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानून की पुस्तक नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का जीवंत दस्तावेज है। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग विशेषकर वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को समान अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज हम जो भी अधिकार और स्वतंत्रता का अनुभव करते हैं, वह बाबा साहेब की दूरदर्शिता और संघर्ष का परिणाम है। पूर्व सरपंच विद्या वर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश देता है। बाबा साहेब ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और कहा कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए, जो आज महिला सशक्तिकरण की नींव बने हुए हैं। पंच संतोष धर दीवान ने कहा कि बाबा साहेब का पूरा जीवन संघर्ष और समाज सेवा का प्रतीक रहा है।

सरपंच ढलेश्वरी नरेश अनंत ने कहा कि हमें केवल बाबा साहेब को याद ही नहीं करना चाहिए, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लेना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री प्रेमलता वर्मा, समाज सेवी डॉ उत्तम कुमार विश्वास धन्ना, धनेश्वर निषाद, राज किरण महिलांगे, पंच मूलचंद टंडन, मोनू समुद्रे, संतराम ध्रुव, प्रकाश पाल, अवध राम ध्रुव सचिव विनोद दास वैष्णव, सरेश लहरे,निखिल लहरे,कोटवार बुधराम, पुर्व सरपंच तिहारू निषाद, संजू निषाद, संतू देवदास, नोना यादव, यदु निषाद, पुरोहित महाराज, मारकंडे निषाद, कान्हा निषाद, कामनी निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल ने मनाई डॉ. अम्बेडकर जयंती

**कसडोल/सेल।** भाजपा मंडल कसडोल में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गई। मंडल अध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी ने बताया कि बाबा साहेब ने सबको समान अधिकार दिलाने भेदभाव रहित समाज बनाने वंचित एवं शोषित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्ती भूमिका निभाई है। बाबा साहेब के सिद्धांतों, आदर्शों एवं विचारों का अपने जीवन में अनुसरण करने का संकल्प लेने प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सरिता जायसवाल, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति रामचंद्र ध्रुव, मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास, नागेश्वर साहू नगर पंचायत अध्यक्ष कसडोल, मंडल महामंत्री राजू साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राजेश साहू, अध्यक्ष अनुसूचित जाति रविकांत बंजारे, महिला शीला वर्मा, मोर्चा अध्यक्ष निर्मला साहू, ओमप्रकाश निराला, सत्यनारायण पटेल, अनुराधा कर्ष, गणेशशंकर साहू, शनि यादव, जगदीश घृतलहरे, पुनेश्वरनाथ मिश्रा, पार्षद सुंदर साहू, नीरज साहू, पार्षद मंजू बंजारे, पार्षद दिलहरण जायसवाल सहित बड़ी संख्या भाजपा मंडल कसडोल के कार्यकर्ता एवं समस्त मोर्चा के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## अंबेडकर जयंती पर जोगेसरा में मूर्ति स्थापना, निकाली रैली

**मुड़पार सरसीवा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर ग्राम जोगेसरा में बाबा साहब की मूर्ति स्थापना एवं अनावरण हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्राम में रैली भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार जांगड़े, जिलाध्यक्ष, ग्राम पंचायत टाटा के सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार साहू, उपसरपंच रोहित रात्रे, बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार खड़बंधे, चंद्रराम रत्नाकर एवं पूर्व सरपंच गेसराम खड़बंधे की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही गांव के गणमान्य नागरिकों एवं युवा साथियों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन मानवता, समानता और न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने “शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो” का संदेश देकर समाज को जागरूक और सशक्त बनाने का कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने हर प्रकार के भेदभाव का विरोध किया और संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने सामाजिक एकता, भाईचारे और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों से बाबा साहब के संदेशों को अपने जीवन में अपनाने और एक समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया गया।



## अंबेडकर जयंती पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान का आगाज



**मुड़पार-सरसीवा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर शक्ति केंद्र धोबनी में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला प्रवक्ता खूबचंद मिरी उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला किसान मोर्चा के महामंत्री योगेश्वर साहू ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार गरीबों और किसानों के हित में निरंतर नई-नई योजनाएं लागू कर रही है।कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा मंडल सरसीवा के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, ग्राम पंचायत धोबनी के सरपंच राजीव लोचन साहू, तोषण लाल साहू, प्रहलाद साहू, गोपाल कृष्ण साहू, शशि भूषण साहू, भुनेश्वर साहू, हेमप्रकाश साहू, सोहागपुर से चितरंजन साहू, पी. कुमार साहू, किसड़ा से घनश्याम साहू, जसवंत पटेल, पचपेड़ी से नारायण पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिलाईगढ़ में मनाई बाबा साहब की जयंती

**बिलाईगढ़।** मूल निवासी संघ बिलाईगढ़ द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चार दिवसीय मेले का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। जयंती पर टांडापारा से बिलाईगढ़ तक विशाल रैली निकाली गई। रैली में शामिल लोगों ने बाबा साहब के विचारों और सामाजिक समता के संदेशों से जुड़े नारे लगाए। रैली पूरे नगर में आकर्षण का केंद्र बनी रही और नागरिकों ने जगह-जगह स्वागत कर सहभागिता निभाई। रैली के पश्चात तहसील परिसर पहुंचकर उपस्थित जनसमूह ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के संघर्ष, शिक्षा, समानता और संविधान निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चार दिवसीय मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता गतिविधियां और विभिन्न स्टॉल भी लगाए गए, जिससे पूरे बिलाईगढ़ में उत्सव का माहौल बना रहा।



## अंबेडकर जयंती पर न्योता भोज का आयोजन



**बगबुड़ा।** प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से सरपंच चांदनी बांधे, उपसरपंच संतोषी ध्रुव, पंच परमिला बंजारे शाला परिवार कानाकोट से प्रधानपाठक भूमिता कुर्रे, शिक्षक सुनीता साहू, कान्हा साहू, अर्पिता बांधे, सरपंच प्रतिनिधि लल्लन बांधे, भगवती बांधे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका श्यामकुंवर और युवाओं में प्रदीप, साहिल, दिव्या, सीमा और शाला के बच्चों की उपस्थित रही। कक्षा पहिली से चौथी के बच्चों ने पांचवीं के बच्चों का आरती उतारकर पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर स्वागत किया और चौथी के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। शाला परिवार की ओर से विदाई लेने वाले पांचवीं के बच्चों को उपहार स्वरूप कॉपी देकर आगे भी पढ़ाई में रुचि लेने और अच्छे से पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों को केला, सेवई और पूरी परोसी गई। न्योता भोज पाकर बच्चों का चेहरा खुशी से भरा उठा। कार्यक्रम में सरपंच चांदनी बांधे, उपसरपंच संतोषी ध्रुव, पंच परमिला बंजारे मौजूद रहे।

## दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों को स्टेट बार कौंसिल से मिली 1.75 लाख की आर्थिक सहायता

**भटगांव।** स्टेट बार कौंसिल बिलासपुर छत्तीसगढ़ के सौजन्य से स्व नारायण कमल पात्रों अधिवक्ता के अचानक स्वर्गवास होने पर एक लाख पचास हजार रुपए एवं पच्चीस हजार रुपए का चेक अधिवक्ता संघ भटगांव अध्यक्ष अभिभाषक संघ भटगांव के अधिवक्ता फिरिटलाल खटकर व वरिष्ठ अधिवक्ता गण के उपस्थिति में मृतक के पत्नी नीलू कमल पात्रों को प्रदान किया गया एवं अधिवक्ता साथी के आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया।



वहीं इस पुनीत कार्य मे अभिभाषक संघ के भटगांव अध्यक्ष फिरितलाल खटकर अध्यक्ष, सचिव विजय कुमार देवांगन, आर के पांडे, भूषण श्रीवास, बनवारी लाल यादव, कृष्ण नामदेव, श्यामलाल भारद्वाज, नरसिंह साहू, गेंदराम निराला, विक्रम आदित्य सहित सभी अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## मूरा में लो वोल्टेज से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बंगोली

ग्राम मुरा में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। लो वोल्टेज, ट्रांसफार्मर में बार-बार फॉल्ट और लगातार बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत वितरण उपकेंद्र मुरा से बिजली आपूर्ति तो होती है, लेकिन सतनामी पारा क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर में लगातार खराबी आने के कारण पूरे मोहल्ले में बिजली बार-बार बाधित हो रही है। स्थिति यह है कि कई बार रात के समय बिजली बंद हो जाती है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से सतनामी मोहल्ला पिछले एक सप्ताह से गंभीर समस्या से जूझ रहा है, जहां रोजाना रात के समय बिजली बंद हो जाती है और पूरा मोहल्ला अंधेरे में डूबा रहता है। ग्रामीणों द्वारा इस संबंध में कई बार बिजली मिस्त्री एवं जेई को फोन के माध्यम से सूचना दी गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। इतना ही नहीं, एरिया इंचार्ज यादव को सूचना देने पर उनके द्वारा गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए कहा गया कि आप लोग अपने मोहल्ले का खुद बना लो, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार एक ही मोहल्ले की लाइन खराब हो रही है, लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। बिजली सुधार के नाम पर केवल आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि वास्तविक स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है।

## कंवर जन्मोत्सव पर शहर में निकाली शोभायात्रा

**भाटापारा।** हिंद सिंध के सरताज, संतों में सिरमौर अमर शहीद संत कंवरराम साहब जी का 141वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। संत कंवरराम सेवा मंडल भाटापारा के अध्यक्ष राजेश हजारीलाल छाबड़िया द्वारा जानकारी दी गई कि संत कंवरराम सेवा मंडल द्वारा सुबह 7 बजे श्री संत सतराम धाम से पूज्य संतों के स्वरूप व पूज्य बहराणे साहब की शोभायात्रा निकाली गई, जो वहां से वी.आई.पी.कालोनी पहुंची जहां पर संतों के परम शिष्य नारायणदास निहलानी, उनके परिवार व कालोनी वासियो द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात गोदड़ीधाम, हजारीलाल छाबड़िया मार्ग, संत कंवरराम चौक, संत बाबा गरीबदास मंदिर, श्री प्रेमप्रकाश मंदिर, बाबा जन केघर होते हुए मातादेवालय में विसर्जन कर संत कंवरराम दरबार में शोभायात्रा का समापन हुआ। दरबार में संत कंवरराम साहब के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रखे गए श्री गुरूग्रंथ साहब के सहज पाठ का भोगसाहब, शबद कीर्तन, आरती, आनंद साहब, अरदास जन्मोत्सव केक पश्चात भोग प्रसादी का वितरण हुआ। इस अवसर पर नारायण दास निहलानी, इंदरलाल थारानी, भीषम गुरयानी, डॉ. वासुदेव ठाकुर,परसराम मंधान, जयपाल ठाकुर, कैलाश बालानी, गोपी पारप्यानी, योगेश मंधानी,नानक गिदवानी,नंदलाल तनवानी, ताराचंद किंगरानी, महेश निहलानी, रमेश गिदवानी, संजय मकरेजा, बल्देव गंगवानी, राजेश छाबड़िया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### थाना परिसर में यात्री प्रतीक्षालय का भूमिपूजन



**पलारी।** स्थानीय थाना परिसर में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, थाना प्रभारी परिवेश तिवारी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा एवं वार्ड पार्षद डोमार सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस प्रतीक्षालय के निर्माण से क्षेत्र के आम नागरिकों और यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। दूर-दराज से आने वाले लोगों को बैठने एवं प्रतीक्षा करने के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष चंद्राकर, सभापति लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, कुमार धीवर, घनश्याम धीरहे, हर्षू वर्मा, पुनीत निषाद, शेर खान, ललित गायकवाड़, महेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### रामायण भक्ति का तो भागवत ज्ञान का मार्ग

**भाटापारा।** शक्तिवार्ड में स्व. दीपक राठोर के में स्मृति में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक पंडित संजय तिवारी ने कहा कि रामायण भक्ति का मार्ग तो श्रीमद् भागवत ज्ञान का मार्ग है। यही मोक्ष का मार्ग है प्रशस्त करता है। भगवान श्री कृष्ण ही ब्रह्माण्ड नायक है। मनुष्य केवल बंदर की भांति है। वह जैसे नचाते हैं हम वैसे ही नाचते हैं, क्योंकि संपूर्ण ब्रह्मांड उनके ही डमरू से नाचते हैं। कथाकार ने कहा कि वह युग था जिस समय संत महात्मा सैकड़ों वर्ष तक जप और तप से भगवान को प्रसन्न करते थे, लेकिन कलयुग में केवल नाम मात्र भर से भगवान को पा लेते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान का नाम चाहे सुख हो चाहे दुख हो हर समय उनका स्मरण करना चाहिए, जिस समय भगवान श्री कृष्ण ने माता कुंती से कहा कि मांगों क्या मांगती हो तो माता ने कहा प्रभु मुझे दुख ही देना ऐसा ना हो सुख पाकर कहीं आपको ना भूल जाऊं इधर आज की कथा में भीषण गर्मी के बावजूद कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते ही बन गई थी।



### महतारी वंदन के लिए ई-केवाईसी करने महिलाओं की लगी भीड़



**पलारी।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान में हर महीना 1 हज़ार रुपये उनके खाते में डाल रहा है, जिसके तहत ई-केवाइसी किया जा रहा है, इसके लिए नगर पंचायत रोहांसी आगनबाडी केंद्र क्रमांक 01 में कौशल साहू द्वारा महतारी वंदन ई-केवाइसी का कार्य किया जा रहा है जंहा महिलाएं बड़ी संख्या में पहुच रही है।

### पलारी में कव्वाली का जंगी मुकाबला आज

**पलारी।** नगर में गुरुवार 16 अप्रैल को कौमी एकता उर्स कमेटी द्वारा भव्य उर्स पाक पर कव्वाली का जंगी मुकाबला रखा गया है। यह कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से बाजार चौक, पलारी में शुरू होगा। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध कव्वाल जुबेर सुल्तानी (बदायूं, उत्तर प्रदेश) एवं मशहूर गायिका गुलनाज शब्बी (आगरा) अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे कार्यक्रम में सूफियाना रंग देखने को मिलेगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष पिंटू वर्मा एवं उपाध्यक्ष नेमसिंह बांधे, सचिव भोला वर्मा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स पाक को बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के अंतर्गत शाम को चादर शरीफ की पेशकश के साथ जुलूस निकाला जाएगा, वहीं रात्रि में कव्वाली मुकाबले का आयोजन होगा। साथ ही आम नागरिकों के लिए आम लंगर की भी व्यवस्था की गई है।

# सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली 108 एंबुलेंस, क्षेत्रवासियों की मांग पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदम के तहत बलौदाबाज़ार जिले को 9 नई 108 एंबुलेंस की सौगात मिली है। इसी क्रम में सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी 108 एंबुलेंस सेवा से जोड़ दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सकेगी। एंबुलेंस के सुहेला पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया तथा मिठाइयाँ बांटकर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष दौलत पाल ने कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से 108 एंबुलेंस की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी हुई है। इससे दुर्घटना एवं गंभीर स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। जनपद सदस्य भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि पहले एंबुलेंस के लिए सिमगा, बलौदाबाजार या भाटापारा पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे काफी विलंब होता था। अब यह समस्या समाप्त हो जाएगी और मरीजों को त्वरित इलाज मिल सकेगा। भाजपा मंडल के महामंत्री युगल किशोर वर्मा ने शासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होगा।

## आपात स्वास्थ्य सेवाओं को मिला बड़ा संबल, लंबे इंतजार के बाद मिली सुविधा



### मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मिलेगी मदद

उल्लेखनीय है कि पूर्व में सुहेला में 108 एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण दुर्घटना या आपात स्थिति में मरीजों को सिमगा, बलौदा बाज़ार या भाटापारा से एंबुलेंस आने का इंतजार करना पड़ता था, जिससे उपचार में देरी होती थी और मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती थी। अब 108 एंबुलेंस की सुविधा सीधे सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध होने से दुर्घटनाग्रस्त एवं गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में काफी सहायता मिलेगी। इससे न केवल मरीजों की जान बचाने में मदद मिलेगी बल्कि पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।अब सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही 108 एंबुलेंस उपलब्ध होने से दुर्घटनाग्रस्त एवं गंभीर मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में बड़ी मदद मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने इस पहल को स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार बताते हुए शासन के प्रति आभार जताया है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा, महामंत्री युगल किशोर वर्मा, डॉ. मनोहर ध्रुव, तुलसी निषाद, नरेंद्र वर्मा, शिव शंकर देवांगन, सायमन देव, धृतलहरे उपसरपंच सहित अस्पताल के कर्मचारी एवं मरीज उपस्थित थे।

## जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने चलाया जा रहा अभियान

# ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करने वाली टीम बनी कॉप ऑफ द मंथ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अप्रैल माह के लिए कॉप ऑफ द मंथ की घोषणा की गई है। इस सम्मान के लिए उन 4 जांबाज पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को चुना गया है, जिन्होंने आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान संचालित हो रहे अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करने में विशेष भूमिका निभाई।

बीते 4 अप्रैल को भाटापारा शहर थाने में दर्ज एक मामले की विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों का बेहतरीन उपयोग किया। प्रभावी नेतृत्व और आपसी सामंजस्य का उदाहरण पेश करते हुए टीम ने हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन में दबिश दी। इस बड़ी कार्रवाई में पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले अंतरराज्यीय संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया और कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 50 लाख मूल्य के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स भी जब्त किए हैं। उत्कृष्ट अपराध अनुसंधान और साहसिक कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा निम्नलिखित टीम को सम्मानित किया गया, जिसमें निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी भाटापारा शहर,सहायक उप निरीक्षक नवीन शुक्ला प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, प्रधान आरक्षक (318) प्रवीण पांडे थाना भाटापारा ग्रामीण और आरक्षक (772) कृष्णा जांगड़े थाना भाटापारा शहर शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने इस उपलब्धि पर टीम की सराहना करते हुए कहा कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई इस कार्रवाई से जिले में अपराधियों के हौसले पस्त होंगे। इस सम्मान का उद्देश्य पुलिस विभाग में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाना और अन्य कर्मियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित करना है।

# रावन सेक्टर के ग्राम मोहरा में पोषण पखवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी रावन

रावन सेक्टर अंतर्गत ग्राम मोहरा के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं, बच्चों एवं गर्भवती माताओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंद्रिका वर्मा एवं सहायिका लक्ष्मी वर्मा, कार्यकर्ता मीना वर्मा कौशल्या पुरैना द्वारा संतुलित आहार, स्वच्छता एवं बच्चों के समुचित विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। उन्होंने बताया कि बच्चों के जीवन के शुरुआती 1000 दिन उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, इसलिए इस अवधि में सही पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की पोषक सामग्रियों जैसे फल, हरी सब्जियां, दाल, अनाज आदि को प्रदर्शित कर उपस्थित महिलाओं को उनके पोषण महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। रंगोली के माध्यम से पोषण पखवाड़ा 2026 का संदेश आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी। इस आयोजन में सेक्टर पर्यवेक्षक चित्रलेखा सिरमौर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को कुपोषण से बचाव, आयरन एवं विटामिन युक्त आहार लेने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों को पोषण से संबंधित जानकारी को अपने परिवार एवं आसपास के लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान ग्राम की महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गुमा में तीन दिनों तक चला कबीर सत्संग





**भरुवाडीह/सैहा/गुमा।** समस्त ग्रामवासियों एवं कबीर पंथ समाज गुमा द्वारा तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया, जिसका समापन अंतिम दिवस कबीर पंथ चौका आरती एवं भोजन भंडारा के साथ हुआ। सत्संग में गांव का वातावरण भक्ति, सेवा और सामाजिक चेतना से ओत -प्रोत नजर आया, जिसका मुख्य प्रवचनकर्ता आचार्य ज्योति स्वामी साहेब दतिया (मध्यप्रदेश) कन्हैया साहेब (डाभरा) एवं रतन साहेब (समनापुर), शांति साहेब (चम्परण) थे। कार्यक्रम प्रथम दिवस आचार्य ज्योति स्वामी साहेब द्वारा दीप प्रज्वलित कर ग्रंथ शुभारम्भ किया गया द्वितीय दिवस बेमेतरा, राजिम, मोपर, तुलसी एवं दूर दूर से पहुंचे कबीर भजन मंडली गांव का वातावरण भक्तिमय कर दिया। उसके बाद स्वामी साहेब अपने प्रवचन में कबीर साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये ग्रामवासियों कबीर संत प्रेमियों को शरीर को स्वस्थ रखने के लिये सात्विक भोजन करना चाहिए एवं मन को पवित्र रखने के लिये गलत विचारों से दूर रखे अंतिम शब्द में स्वामीजी ने युवाओं को नशा से दूर रहने एवं घर के बुजुर्गों की सेवा के लिये प्रेरित किया। अंतिम दिवस चौकाआरती एवं भोजन भंडारा के साथ संपन्न हुआ।



# अमित कुमार को मिला सर्वश्रेष्ठ बायोग्राफी डॉक्यूमेंटरी वीडियो पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

नगर के अमित कुमार भांडेकर को उनकी प्रतिभा और मेहनत से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नारी शक्ति सम्मान अवॉर्ड शो 2026 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ बा यो ग्र ा फी डॉ क यू में ट री वी डि यो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे भाटापारा और क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय बन गई है।

- रामायण की सीता माता दीपिका चिखलिया के हाथों हुए सम्मानित

**मेहनत और लगन की मिसाल:** अमित कुमार भांडेकर को समारोह में यह सम्मान उन्हें प्रसिद्ध अभिनेत्री दीपिका चीखलिया के हाथों प्रदान किया गया, जिन्होंने रामायण में माता सीता का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाई है। साथ ही इस कार्यक्रम में टीवी जगत की चर्चित अभिनेत्री कांची सिंह से उनकी सौजन्य मुलाकात भी हुई, जो एक खास और यादगार पल बन गया।

इस अवसर पर अमित कुमार भांडेकर ने कार्यक्रम की आयोजक संस्था न्यू उड़ान जन सेवा फाउंडेशन की प्रमुख उषा शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से प्रतिभाओं को एक मंच मिलता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अमित कुमार भांडेकर जैसे युवा अपने कार्यों से लगातार क्षेत्र का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

# कॉलेज के 40 छात्र-छात्राओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

विधायक इन्द्र साव के समक्ष भाटापारा स्थित कांग्रेस भवन में एन एस यू आई जिला महासचिव हितेश साहू के नेतृत्व में राजीव गांधी महाविद्यालय सिमगा के 40 छात्र छात्राओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

- विधायक इन्द्र साव ने छात्रों को तिरंगा गमछा पहनाकर स्वागत किया

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इ ति हा स दे श हि त , सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के संघर्ष से जुड़ा रहा है। युवाओं का पार्टी के प्रति बढ़ता विश्वास इस बात का संकेत है कि सच्चाई और जनसेवा की राजनीति को समाज में पुनः समर्थन मिल रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी प्रत्येक समस्या को वे अपनी समस्या मानकर समाधान हेतु सतत प्रयास करेंगे।

विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया और कहा आप सभी की महती भूमिका कांग्रेस को पुनः विजय दिलाने में निर्णायक सिद्ध होगी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रेरणादायी परंपरा से जुड़ा है। युवाओं को संगठन की विचारधारा को आत्मसात करते हुए जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए तथा गांव-गांव और घर-घर तक पार्टी के सिद्धांतों को पहुंचाएं।

कार्यक्रम में सभी नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं ने कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने तथा क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ईश्वर सिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रवक्ता सत्यजीत शेंडे, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, नितिन शुक्ला,किशन निर्मलकर, अनमोल शुक्ला, छात्र नेता अभिषेक शर्मा, उत्तम रावते, अमन पांडे, पप्पू देवांगन, ज्ञान, हिमांशु, तारिणी वर्मा, भानुप्रताप साहू ,संतोष नवरंगे, धनंजय कोसले, हिमांशु मिरी आदि शामिल रहा

## एफआईआर रिकॉर्डिंग की जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की गई

# थाना का शैक्षणिक अवलोकन कर छात्रों ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत थाना खरोरा का अवलोकन कराया गया। इस दौरान थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, ए.एस.आई. परशुराम साहू, एस.आई. परसराम वर्मा, मुंशी गणेश राम साहू तथा आरक्षक दुष्यंत कुमार बांधे द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न विभागों एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अवलोकन की शुरुआत थाना प्रभारी कक्ष से हुई, जहां विद्यार्थियों को थाना संचालन एवं प्रशासनिक कार्यों के बारे में बताया गया। इसके पश्चात थाना प्रभारी के रीडर कक्ष का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने दिवसाधिकारी के समक्ष शिकायतों की सुनवाई तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया को समझा। मुंशी द्वारा रोजनामचा रिपोर्ट एवं विभिन्न रजिस्टरों में शिकायतों के इंद्राज की जानकारी दी गई। साथ ही महिला एवं पुरुष बंदीगृह, संवेदना कक्ष में महिला एवं बाल संबंधित प्रकरणों के पंजीयन की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। सीसीटीएन प्रणाली के माध्यम से एफआईआर रिकॉर्डिंग की जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की गई।



इसके अतिरिक्त साइबर फ्रॉड से संबंधित विभिन्न माध्यमों एवं उससे बचाव के उपायों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों ने मालखाना (रिकॉर्ड कक्ष) एवं विसरा रूम का भी अवलोकन कर पुलिस कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं में कानून एवं व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा उन्होंने पूरे उत्साह के साथ सभी प्रक्रियाओं को समझा। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन, अमर बर्मन सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

